१९३६
# हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
16 सितंबर 2025, बरेली
PAGE NO: 07 MIDDLE

## एसआरएमएस में मनाया 58वां इंजीनियर दिवस



एसआरएमएस ट्रस्ट के महाविद्यालयों में इंजीनियर दिवस धूमधाम से मनाया गया।

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। इंजीनियर दिवस पर एसआरएमएस ट्रस्ट के महाविद्यालयों में इंजीनियर दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि इफ्को आंवला के जीएम इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियर हीरालाल यादव, ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, सेक्रेट्री आदित्य मूर्ति रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं इंजीनियर विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने सभी को इंजीनियर दिवस की बधाई देते हुए छात्र-छात्राओं को बताया कि आपको सामाजिक कठिनाइयों को अपने तकनीकी ज्ञान से समाधान करने की पहल करनी चाहिए। इफ्को के जीएम हीरालाल ने छात्रों से इंजी. विश्वेश्वरैया की उपलब्धियां बताते हुए उनके दिए संदेशों पर चलने को कहा। ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने भावी इंजीनियर्स से कहा कि सफल होने के लिए कठिन परिश्रम की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने दोनों महाविद्यालयों के बेस्ट इंजीनियर का पुरस्कार विशाल शर्मा, निवेदिता शर्मा, यश गर्ग को दिया गया। डॉ. अनुज कुमार, डॉ. रितु सिंह, डॉ. अमित शर्मा, सौरभ गुप्ता, विवेक यादव, डॉ. शैलेश सक्सेना आदि रहे।